# नए साल में युवाओं के कौशल विकास को लगेंगे पंख

**उम्मीद 2026**

## आईटीआई और पॉलीटेक्निक संस्थानों के उच्चीकरण से राह होगी आसान... उच्च शिक्षा विभाग का हर मंडल में राज्य विवि खोलने का लक्ष्य भी होगा पूरा

अक्षय कुमार

**लखनऊ।** नए साल में युवाओं को न सिर्फ पढ़ाई का बेहतर अवसर मिलेगा, बल्कि उनके कौशल विकास को भी पंख लगेंगे। इसके लिए विभिन्न स्तर पर कवायद शुरू कर दी गई है। यही नहीं इंटर स्तर पर भी व्यावसायिक शिक्षा का दायरा बढ़ेगा। उच्च शिक्षा के तहत राज्य विश्वविद्यालयों की स्थापना का काम भी तेजी से चल रहा है। भदोही और शाहजहांपुर में नए राज्य विवि की शुरुआत की प्रक्रिया आखिरी चरण में है। इसके साथ ही सरकार का हर मंडल में एक राज्य विवि की स्थापना का लक्ष्य पूरा होगा।

उच्च शिक्षा विभाग ने करीब 50 निजी विवि की स्थापना की है। इससे युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए भागदौड़ से राहत मिलेगी। अयोध्या समेत 10 मंडलों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय भी नए साल में खुलेंगे। यही नहीं 60 राजकीय आईटीआई का उच्चीकरण किया जा रहा है। टाटा ने भी पहले चरण में 45 पॉलीटेक्निक के अपग्रेडेशन का काम शुरू कर दिया है। इससे नए साल में युवाओं को न सिर्फ अत्याधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण मिलेगा, बल्कि कई अत्याधुनिक क्षेत्र की पढ़ाई का भी मौका मिलेगा। बेसिक शिक्षा विभाग विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक व संसाधन देने के लिए काम करेगा।

**एडेड कॉलेजों में भी निखारेंगे कौशल :** कौशल विकास मिशन ने बीते साल 60 हजार युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य पूरा किया है। अब नए साल में युवाओं के प्रशिक्षण का दायरा बढ़ाया जाएगा। इसके लिए सरकार से मिलने वाले बजट को बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा गया है। पीएम कौशल विकास योजना में 4 लाख युवाओं ने प्रशिक्षण लेकर सर्टिफिकेट प्राप्त किया है। इसमें भी युवाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी। राजकीय के साथ प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में भी कौशल प्रशिक्षण शुरू करने की तैयारी है।



## आयोग की भर्तियों में तेजी की उम्मीद

बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा विभाग में भर्ती के लिए शुरू बने नए शिक्षा सेवा चयन आयोग को साल 2025 के अंत में नया अध्यक्ष मिला चुका है। इससे आयोग के माध्यम से होने वाली भर्तियों को नए साल में गति मिलेगी। शिक्षकों के लिए अनिवार्य किए जाने के बाद आयोग के सामने सबसे बड़ा लक्ष्य जल्द से जल्द शिक्षक पात्रता परीक्षा कराने का भी है। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से भी भर्तियां तेज होने की उम्मीद है।



***क्वांटम कंप्यूटिंग व स्पेस टेक्नोलॉजी की होगी पढ़ाई :*** *एकेटीयू नए साल में अपने विद्यार्थियों को क्वांटम कंप्यूटिंग व स्पेस टेक्नोलॉजी की पढ़ाई शुरू करेगा। इसके लिए माइनर कोर्स शुरू करेगा। इसके लिए लैब भी बनेगी। चार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सेंटर भी बनेंगे जो युवाओं को अत्याधुनिक विधा में प्रशिक्षण देंगे। छात्रों को बेहतर संसाधन देने के साथ कॉलेजों को बेहतर फैकेल्टी भी नए साल में मिलेगी।*

## शिक्षकों को टीईटी से राहत के आसार

परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को नए साल में टीईटी की अनिवार्यता से छूट मिलने की उम्मीद होगी। वहीं, बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ऑनलाइन हाजिरी की कवायद को इस साल अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। शिक्षकों को चयन वेतनमान, ईएल-सीएल, सामूहिक बीमा समेत कैशलेस चिकित्सा सुविधा भी नए साल में मिलने की उम्मीद है।